यूपी के विकास के लिए योगी ने मांगा उद्योगपतियों का साथ

कहा, दूसरे राज्यों के लिए यूपी बनेगा मिसाल, एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

विशेष संवाददाता, मुंबईः उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उद्योगपतियों का साथ मांगा है। साथ ही, उन्होंने वादा किया कि जो भी निवेश करने आएगा, सरकार उसका स्वागत करेगी। उन्हें किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर निकल पड़ा है और अब रुकेगा नहीं। आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश देश के लिए मिसाल बनेगा। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि जिनके साथ भी एमओयू किया जाएगा। उनके साथ हमारा एक अधिकारी हमेशा संपर्क में रहेगा। एमओयू करने वालों को किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी।

कार्यक्रम को संबोधित करते यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

उत्तर प्रदेश में निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुंबई आए मुख्यमंत्री योगी रोड शो करेंगे। बुधवार को प्रवासी उत्तर भारतीयों को संबोधित करते हुए योगी ने निवेश करने के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि 5 साल पहले तक जिस उत्तर प्रदेश के सामने पहचान का संकट था, आज विकास की नई कहानी कह रहा है। सरकार ने वायु, जल, सड़क एवं रेल नेटवर्क के माध्यम से निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचे का विकास किया है। प्रदेश में देश का सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है तथा वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर व ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर का जंक्शन ग्रेटर नोएडा में ही हैं। लखनऊ, वाराणसी एवं कुशीनगर मौजूदा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों तथा जेवर व अयोध्या में नए हवाई अड्डों के विकसित होने से यूपी पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाला देश का एकमात्र राज्य बनने जा रहा है। जेवर में एशिया का सबसे हवाई अड्डा बनाया जा रहा है। इतना ही नहीं, वायुमार्ग की घरेलू कनेक्टिविटी के लिए रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत 9 एयरपोर्ट को संचालित भी कर दिया गया है तथा 10 अन्य एयरपोर्ट पर काम चल रहा है। पश्चिम उत्तर प्रदेश को पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेस वे बन रहा है।

पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेजः योगी ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में उत्तर प्रदेश में सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज बने थे, जबकि 2017 से अब तक यूपी में 35 मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। आने वाले दिनों में और भी बनेंगे। इसके लिए पीपीपी मॉडल से कॉलेज बनाएं। संभव है कि इस मीट में ही लोग सामने आ जाएं।

'यह नया उत्तर प्रदेश है': उन्होंने कहा कि आज का यह नया उत्तर प्रदेश है। अब परिस्थिति बदल चुकी है। अब प्रदेश के लोग गर्व से बताते हैं कि वे किस प्रदेश से हैं। एक समय प्रदेश में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। अब गुंडों-बदमाशों की खैर नहीं है। 6 साल में यूपी में कोई दंगा नहीं हुआ।

'राम मंदिर निर्माण से खुश'

यूपी के उद्योग मंत्री नंद कुमार गुप्ता ने कहा कि पिछले दिनों हमने जर्मनी बेल्जियम सहित यूरोप के कई देशों का दौरा किया। इस दौरान, वहां के अप्रवासी भारतीय इस बात से बेहद खुश दिखे कि भगवान राम का भव्य मंदिर बन रहा है। उन्होंने बताया कि यूपी में 10, 11 व 12 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन है। अप्रवासी भारतीय डॉक्टर राम उपाध्याय ने कहा कि स्वीडन, जर्मनी, अमेरिका जैसे देशों में रहने के बाद अब मैं अपने गृह प्रदेश यूपी में निवेश करना चाहता हूं। मूल रूप से आगरा के रहने वाले डॉ. उपाध्याय ने कहा कि मैं 5,200 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा हूं। उत्तर प्रदेश डिवेलपमेंट फोरम (यूपीडीएफ) के अध्यक्ष पंकज जायसवाल ने दावा किया कि योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में तेजी से विकास हो रहा है। योगी ने बंदूक नहीं, बुलडोजर से यूपी में शांति लाई है।